अपूर्वा

भाग 2

(द्‌वितीय भाषा हिंदी शिक्षण के लिए सातवीं कक्षा की पाठ्‌यपुस्तक)

संपादक

लालचंद राम

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

प्रथम संस्करण
जून 2003
ज्येष्ठ 1924

PD 5T SC

ISBN : 81-7450-135-5

एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशन विभाग के कार्यालय

एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस	108, 100 फीट रोड, होस्डेकेरे	नवजीवन ट्रस्ट भवन	सी.डब्लू.सी. कैंपस
श्री अरविंद मार्ग	हेली एक्सटेंशन बनाशंकरी III इस्टेज	डाकघर नवजीवन	निकट : धनकल बस स्टॉप
नई दिल्ली 110016	बेंगलूर 560 085	अहमदाबाद 380 014	पनिहटी, कोलकाता 700 114

प्रकाशन सहयोग

संपादन : शशि चड्डा
उत्पादन : अरुण चितकारा
चित्र : भूषण शालीग्राम
आवरण : अमित श्रीवास्तव

मूल्य : 30.00

एन.सी.ई.आर.टी. वाटर मार्क 70 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित

प्रकाशन विभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा नवटैक कंप्यूटर, 1982, गंज मीर खां, दरिया गंज, दिल्ली 110 002 में लेज़र टाईपसैट होकर गीता आफसैट प्रिंटर्स सी-90, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया फेस -I नई दिल्ली 110 020 द्वारा मुद्रित।

आमुख

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शिक्षा विशेषतः विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में भारत सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के निर्धारण एवं क्रियान्वयन में सहयोग और परामर्श प्रदान करती है। राष्ट्र के समक्ष शिक्षा के मौजूदा मुख्य सरोकारों और मुद्दों को पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रमों में समाहित किया जाए इसके बारे में विचार करती है तथा व्यापक दिशा-निर्देश भी देती है। परिषद् के तत्त्वावधान में विद्यालयी स्तर की पाठ्यचर्या तथा उस पर आधारित विभिन्न शैक्षिक विषयों के पाठ्यक्रमों तथा पाठ्यपुस्तकों आदि के निर्माण का कार्य लगभग चार दशकों से निरंतर किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 में यह स्पष्ट सुझाव दिया गया था कि ज्ञान-विज्ञान के विकास, सामाजिक संरचना और नवीन दृष्टिकोण तथा मूल्यपरक शैक्षिक आवश्यकताओं को देखते हुए समय-समय पर पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों में यथासंभव संशोधन और परिवर्तन अवश्य किया जाए। इसी सुझाव और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने *विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2000* तैयार की है। *राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2000* के आलोक में ही परिषद् ने इस पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यपुस्तकों का निर्माण किया है।

भारत एक बहुभाषा-भाषी देश है। अतः बहुभाषिक संप्रेषण के संदर्भ में द्वितीय भाषा हिंदी शिक्षण की भूमिका विशिष्ट हो जाती है अर्थात् इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न भाषा-भाषी क्षेत्रों के बीच संपर्क स्थापित करना तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को पोषित करना है।

पाठ्यपुस्तक निर्माण के साथ-साथ परिषद् का यह उद्देश्य रहता है कि व्यावहारिक कार्य को बल देने के लिए और हिंदी भाषा दक्षता के विकास के लिए अभ्यास पुस्तिका तैयार की जाए। 'अपूर्वा भाग-2' पर आधारित इस अभ्यास पुस्तिका में चित्रकथाओं सहित सभी 25 पाठों से संबंधित अभ्यास दिए गए हैं। इन अभ्यासों में शब्द रचना, शब्दों का वाक्यों में प्रयोग, वाक्य रूपांतरण, संधि संबंधी अभ्यास और पाठ बोध से संबंधित अनेक प्रकार के अभ्यास दिए गए हैं। शिक्षार्थी में भाषा संबंधी दक्षता को बढ़ाने के लिए अर्थ बोध, रचना संबंधी अभ्यास, अनुकार्य तथा योग्यता विस्तार से संबंधित अभ्यास भी पाठ केंद्रित करके रखे गए हैं। ये सभी अभ्यास मूलतः भाषा संरचना और भाषा प्रयोग को सिखाने पर केंद्रित हैं।

आज द्वितीय भाषा शिक्षण के क्षेत्र में यह माना जाता है कि लेखन अभ्यासों को अधिक से अधिक सूक्ष्म बनाने और उन्हें प्राथमिकता देने से भाषा अधिगम की प्रक्रिया तेज़ और दृढ़ होती है। बार-बार लिखने से शिक्षार्थी के मस्तिष्क में संरचना और प्रयोग के बिंदु स्थिर हो जाते हैं। इस अभ्यास पुस्तिका में भी भिन्न-भिन्न प्रकार के अभ्यासों को लेखन के द्वारा पूरा कराने के अनेक अवसर शिक्षार्थी को दिए गए हैं।

इस अभ्यास पुस्तिका के उद्देश्यों में भाषा के व्यावहारिक प्रयोग को भी प्रमुखता दी गई है। इन अभ्यासों में शिक्षार्थी के जीवनानुभव को भी समेटने का प्रयत्न किया गया है। छठी कक्षा में हिंदी का सामान्य ज्ञान प्राप्त कर चुका शिक्षार्थी, हिंदी भाषा की प्रयोग संबंधी विशेषताओं का भी अधिगम कर सके

और इन्हें समझकर अपने दैनंदिन जीवन में स्वाभाविक ढंग से इनका प्रयोग कर सके, इस लक्ष्य को दृष्टि में रखकर अभ्यासों की योजना की गई है। आशा है यह पुस्तक शिक्षार्थियों के भाषा-शिक्षण की ज़रूरत को पूरा करेगी।

प्रस्तुत पाठ्यपुस्तक के निर्माण में हमें अनेक शिक्षाविदों, भाषाशास्त्रियों तथा अनुभवी अध्यापकों का सहयोग मिला है, इसके लिए मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

पुस्तक में परिवर्तन, संशोधन और परिष्कार के लिए आपके सुझावों का स्वागत है, ताकि हम पाठ्यपुस्तक का आगामी संस्करण और अधिक व्यावहारिक एवं उपयोगी बना सकें।

जगमोहन सिंह राजपूत
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

नई दिल्ली
अप्रैल, 2003

अध्यापक बंधुओं से

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा नवनिर्मित राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के अनुसार पाठ्यक्रम का निर्माण किया गया है । इसके अनुसार सातवीं कक्षा में द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी सीखने-सिखाने के लिए 'अपूर्वा भाग-2' पुस्तक का निर्माण किया गया है। यह पुस्तक सामान्य रूप से द्वितीय भाषा हिंदी शिक्षण की ज़रूरतों को पूरा करती है। इस पुस्तक का उपयोग हिंदीतर क्षेत्रों के सभी विद्यालय कर सकते हैं तथापि यह पुस्तक हिंदीतर क्षेत्रों में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालयों की ज़रूरतों को भी पूरा करती है।

पाठ्यपुस्तक निर्माण के साथ-साथ परिषद् का यह उद्देश्य रहता है कि व्यावहारिक कार्य को बल देने के लिए और हिंदी भाषा दक्षता के विकास के लिए अभ्यास पुस्तिका तैयार की जाए। 'अपूर्वा भाग-2' पर आधारित इस अभ्यास पुस्तिका में चित्रकथाओं सहित सभी 25 पाठों से संबंधित अभ्यास दिए गए हैं। इन अभ्यासों में शब्द रचना, वाक्यों में शब्दों के प्रयोग, काल रूपांतरण, संधि-संबंधी अभ्यास और भावबोध से संबंधित अनेक प्रकार के अभ्यास दिए गए हैं। शिक्षार्थी में-भाषा संबंधी दक्षता को बढ़ाने के लिए अर्थ बोध, रचना संबंधी अभ्यास तथा योग्यता विस्तार से संबंधित अभ्यास भी पाठ केंद्रित करके रखे गए है। ये सभी अभ्यास मूलतः भाषा संरचना और भाषा प्रयोग को सिखाने पर केंद्रित हैं।

आज द्वितीय भाषा शिक्षण के क्षेत्र में यह माना जाता है कि लेखन अभ्यासों को अधिक से अधिक सूक्ष्म बनाने और उन्हें प्राथमिकता देने से भाषा अधिगम की प्रक्रिया तेज़ और दृढ़ होती है। बार-बार लिखने से शिक्षार्थी के मस्तिष्क में संरचना और प्रयोग के बिंदु स्थिर हो जाते हैं। इस अभ्यास पुस्तिका में भी भिन्न-भिन्न प्रकार के अभ्यासों को लेखन के द्वारा पूरा कराने के अनेक अवसर शिक्षार्थी को दिए गए हैं।

इस अभ्यास पुस्तिका के उद्देश्यों में भाषा के व्यावहारिक प्रयोग को भी प्रमुखता दी गई है। इन अभ्यासों में शिक्षार्थी के जीवनानुभव को भी समेटने का प्रयत्न किया गया है। अभ्यास पुस्तिका से छठीं कक्षा में हिंदी का सामान्य ज्ञान प्राप्त कर चुका शिक्षार्थी, हिंदी भाषा की प्रयोग संबंधी विशेषताओं का भी अधिगम कर सके और इन्हें समझकर अपने दैनंदिन जीवन में स्वाभाविक ढंग से इनका प्रयोग कर सके इस लक्ष्य को दृष्टि में रखकर अभ्यासों की योजना की गई है। पाठ का क्रमिक और सूक्ष्म बोध तथा हिंदी भाषा की प्रयोगगत क्षमता को बढ़ाने में यह अभ्यास पुस्तिका निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति करती है :

- एक शब्द के लिए एक समानार्थी शब्द देना जिससे कि शिक्षार्थी संस्कृत, उर्दू, तद्भव और देशज स्रोत से आए समानार्थी शब्दों से परिचित हो सके।

- उपसर्ग, प्रत्यय की सहायता से संज्ञा से विशषण, संज्ञा से क्रिया, विशेषण से संज्ञा और क्रिया विशेषण, अव्यय शब्दों तथा संबधवाची सभी शब्दों के विभिन्न प्रयोग, पाठ में आई संरचनाओं से निकालकर उनके अभ्यास कराए गए हैं। जिससे कि शिक्षार्थी की शब्द सामर्थ्य बढ़े और इनके रचना संबंधी नियमों को वह आत्मसात कर सके। इस स्तर पर भी हिंदी की भिन्न स्रोतीय शब्दावली को लिया गया है।

- हिंदी भाषा में एक शब्द को व्याख्या के माध्यम से देखना और किसी पदबंध को एक शब्द में व्यक्त करना अर्थबोध की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। इन दोनों ही प्रक्रियाओं को अभ्यास में यथोचित ढंग से देने का प्रयत्न किया गया है।
- शब्द-निर्माण में ही क्रिया, लिंग रचना के अनुसार अन्विति को अभ्यासों में ही स्थान दिया गया है। व्यावहारिक रूप में भाषा का प्रयोग करते समय किस प्रकार अन्विति का महत्त्व होता है, इस प्रकार के अभ्यास प्रचुरता के साथ दिए गए हैं।
- कहीं-कहीं अभ्यासों में संधि-विच्छेद को भी स्थान दिया गया है तथा हिंदी की अपनी कुछ संधियों के अभ्यास भी कराए गए हैं।
- पदबंध और उपवाक्यों के संदर्भ को दृढ़ करने के लिए मुहावरों, विशिष्ट कथनों, विभिन्न प्रकार के पदबंधों को पाठ से ही छाँटकर सही ढंग से वाक्यों में प्रयोग करने के अभ्यास इस अभ्यास पुस्तिका में है। इसी तरह के अन्य अभ्यास, अध्यापक स्वयं बनाकर विद्यार्थियों से करा सकते हैं।
- वाक्य संरचना के व्यावहारिक पक्ष को इन अभ्यासों में उभारने का प्रयत्न किया गया है। भाषा का व्यावहारिक पक्ष ही द्वितीय भाषा शिक्षण को उपयोगी बनाता है। इस दृष्टि से वाक्यों के रूपांतरण से संबंधित अभ्यास, पाठों के शिक्षण बिंदु में आई संरचनाओं पर भी केंद्रित हैं तथा इनमें उन सहज संरचनाओं को भी लिया गया है जो पाठ में तो आई हैं लेकिन शिक्षण बिंदु के रूप में उनका उल्लेख नहीं है। यह पाठ मूलतः रूपांतरण अभ्यास है, अतः इन्हें बार-बार लिखकर शिक्षार्थी इनके संरचनात्मक भेदों से परिचित हो सकता है। इस प्रकार के अभ्यासों में संरचना के आवश्यक या परिवर्तनीय बिंदुओं को नमूने के रूप में दिए गए वाक्य में ही रेखांकित कर दिया गया है ताकि शिक्षार्थी उस रेखांकित अंश पर ही ध्यान दे और उसी के अनुरूप अभ्यास में दिए गए वाक्यों को आसानी से रूपांतरित कर सके।
- भाषा केवल व्यावहारिक श्रृंखला नहीं होती उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। द्वितीय भाषा शिक्षण में भाषा की व्यावहारिकता का महत्त्व अधिक होता है। इस बात को स्पष्ट करने के लिए अभ्यास पुस्तिका में संबोधन, सर्वनाम, आत्मीय भाषा प्रयोग, विनम्र भाषा प्रयोग, अनुरोध, नाते-रिश्ते के शब्द आदि को अभ्यासों में इस प्रकार रखा गया है कि शिक्षार्थी इनका सटीक प्रयोग कर सके और सामाजिक संदर्भों के अनुरुप हिंदी का प्रयोग सीख सके।
- हिंदी भाषा संरचना में क्रिया रूपों का महत्त्व बहुत अधिक है। क्रियाओं में थोड़े-से परिवर्तन से हिंदी वाक्यों के अर्थ में सूक्ष्म परिवर्तन आ जाता है। इस अभ्यास में इस प्रकार के क्रिया रूपों को कालवाची क्रियाओं, संयुक्त क्रियाओं, प्रेरणार्थक क्रियाओं, और रंजक क्रियाओं के आधार पर निर्मित किया गया है। इनके साथ ही प्रश्नवाचक, नकारात्मक, आश्चर्यसूचक अर्थवाले प्रयोगों को भी अभ्यास में स्थान दिया गया है।
- पदबंध और वाक्य स्तर पर शिक्षार्थी एक ही बात को भिन्न-भिन्न ढंग से कहना और लिखना सीख सकें, इस दक्षता को विकसित करने के लिए भी अनेक प्रकार के रूपांतरण अभ्यास दिए गए हैं।
- इस अभ्यास पुस्तिका में पाठ बोध से संबंधित अभ्यासों की श्रेणियाँ बनाई गई हैं जैसे — कविताओं के बोध के लिए अभ्यास तथा गद्यपाठों के लिए अभ्यास। कविताओं से संबंधित अभ्यासों में कविता

की पंक्तियों को पूरा करने उसका आशय स्पष्ट करने तथा पंक्ति/पक्तियों के भाव अपने शब्दों में लिखने के अभ्यास भी हैं और कविता के सही बोध के लिए बोध प्रश्न भी दिए गए हैं।

- गद्य पाठों के बोध के लिए अभ्यास की कई पद्धतियाँ अपनाई गई हैं ताकि अभ्यास शिक्षार्थी के लिए रोचक बने रहें और वह इन्हें बोझ न समझते हुए उत्साह के साथ पूरा कर सकें। पाठ के आधार पर सही कथन चुनकर वाक्य पूरे करना, पाठ में निहित महत्त्वपूर्ण शब्दों की सूची बनाना , हाँ या नहीं में उत्तर देना, संक्षिप्त उत्तर देना के साथ ही पाठ की किसी घटना को अपने शब्दों में लिखना समाहित है।

- शिक्षार्थी की पाठ संबंधी क्षमता को बढ़ाने के लिए, उसकी सहभागिता को गति देने के लिए तथा विविध संप्रेषण में उसे सहभागी बनाने के लिए योग्यता विस्तार और अनुकार्य से संबंधित विभिन्न प्रकृति के अभ्यास दिए गए हैं। योग्यता विस्तार को अधिकांशतः इस प्रकार रखा गया है कि शिक्षार्थी स्वतंत्र ढंग से दिए गए बिंदु पर लिख सके। अनुकार्य के अंतर्गत शिक्षार्थी से कुछ ऐसा करने को कहा गया है जिसका संबंध पाठ से भी हो और शिक्षार्थी के अपने मातृभाषा परिवेश, प्रांतीय वैशिष्ट्य तथा अनुभव से संबद्ध हो।

- सभी अभ्यासों को मूलतः लिखित अभिव्यक्ति से जोड़ा गया है। लेकिन कुछ अभ्यासों को (विशेषकर योग्यता विस्तार और अनुकार्य) मौखिक अभिव्यक्ति के साथ भी जोड़ने का प्रयत्न किया गया है। शिक्षार्थी मिलकर किसी विषय पर चर्चा करें और फिर चर्चा में उभरे महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को अपने शब्दों में लिखें। इस प्रकार के अभ्यास करते समय शिक्षार्थी, शिक्षण प्रक्रिया में अपनी संलग्नता तो पाते ही हैं साथ ही बातचीत के माध्यम से वे एक-दूसरे से विचार भी बाँटते हैं और अध्यापक के साथ उनकी संबद्धता भी बढ़ती है।

- भाषा शिक्षक और शिक्षार्थी सिर्फ पाठ पढ़ने-पढ़ाने और विषय बोध तक ही सीमित न रह जाएँ, बल्कि इन अभ्यासों के माध्यम से उनकी निकटता बढ़े, इस बात का ध्यान इन अभ्यासों को निर्मित करते समय रखा गया है। शिक्षकों को इन अभ्यासों को शिक्षार्थियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करते हुए करना चाहिए तथा बोध और संरचना के जो अभ्यास पाठ्यपुस्तक अथवा इस अभ्यास पुस्तिका में नहीं समेटे गए हैं उनका उपयोग करते हुए भी वे शिक्षण प्रक्रिया को व्यावहारिक बनाएँ तो अभ्यासों का उद्देश्य पूरा हो सकता है।

'अभ्यास पुस्तिका अपूर्वा भाग-2', प्रारंभिक हिंदी के अधिगम को सफल बना सके और शिक्षार्थी इसे व्यावहारिक हिंदी के शिक्षार्थी केंद्रित उद्देश्यों को पूरा करते हुए कर सकें, इस उद्देश्य से तैयार की गई है। अभ्यास पुस्तिका में सभी अभ्यास क्रियात्मक हैं जिनमें अध्यापक की मदद से शिक्षार्थी सक्रिय होते हैं।

आशा है हिंदी भाषा के समस्त अधिगम और व्यावहारिक दक्षता का विस्तार करने के उद्देश्य से निर्मित यह अभ्यास पुस्तिका हिंदी को द्वितीय भाषा के रूप में सीखने-सिखाने वाले अध्यापक बंधुओं, शिक्षार्थियों और विद्यालयों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। अध्यापक बंधुओं से विशेष अनुरोध है कि इस अभ्यास पुस्तिका का कक्षा में उपयोग करते समय उनके सामने जो भी कठिनाइयाँ आए अथवा इसमें परिवर्तन से संबंधित वे कोई सुझाव देना चाहें तो हम उनका स्वागत करेंगे ।

गांधी जी का जंतर

तुम्हें एक जंतर देता हूँ। जब भी तुम्हें संदेह हो या तुम्हारा अहम् तुम पर हावी होने लगे, तो यह कसौटी आज़माओ :

जो सबसे गरीब और कमज़ोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शक्ल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुँचेगा? क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा? यानी क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा, जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा संदेह मिट रहा है और अहम् समाप्त होता जा रहा है।

पाठ्यपुस्तक समीक्षा कार्यगोष्ठी के सदस्य

कैलाश चंद्र भाटिया
पूर्व प्रोफेसर
लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी
मसूरी (उत्तर प्रदेश)

सूरजभान सिंह
पूर्व निदेशक
वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग
नई दिल्ली

बी.रा. जगन्नाथन
निदेशक
मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

कृष्ण कुमार गोस्वामी
प्रोफेसर
केन्द्रीय हिंदी संस्थान
नई दिल्ली

दिलीप सिंह
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
उच्च शिक्षा शोध संस्थान
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, धारवाड़ (कर्नाटक)

पी.वी. विजयम
पूर्व विभागाध्यक्ष
हिंदी विभाग
कोचीन विश्वविद्यालय, कोच्चि (केरल)

ए. अरविंदाक्षन
विभागाध्यक्ष
हिंदी विभाग
कोचीन विश्वविद्यालय, कोच्चि (केरल)

आत्मप्रकाश श्रीवास्तव
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, एर्णाकुलम (केरल)

नरेन्द्र व्यास
पूर्व निदेशक
केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली

उमेश चंद्र वाजपेयी
उप-निदेशक (शैक्षिक)
नवोदय विद्यालय समिति
नई दिल्ली

हीरालाल बाछोतिया
रीडर एवं पूर्व अध्यक्ष
हिंदी प्रकोष्ठ
सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शि
एनसीईआरटी, नई दिल्ली

मुकुंद द्विवेदी
रीडर
शहीद भगत सिंह कालेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

एच. बालसुब्रमण्यम
पूर्व सहायक निदेशक
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
नई दिल्ली

गोबिन्द प्रसाद
सह. प्रोफेसर
भारतीय भाषा केंद्र
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

पूरन सहगल
निदेशक
मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान
मनासा, मध्यप्रदेश

राजकुमार निगम
पूर्व सहायक शिक्षा अधिकारी
केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली

रमेश तिवारी
प्रवक्ता
दिल्ली कालेज आफ वोकेशनल
स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

राधिका पी.
प्रवक्ता
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा
एर्णाकुलम (केरल)

मल्ससर्ज मंगोड़ी
प्रवक्ता
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, एर्णाकुलम (केरल)

एम. भास्कर शर्मा
टीजीटी (हिंदी)
जवाहर नवोदय विद्यालय समिति
वारंगल (आंध्रप्रदेश)

रूपेन्द्र सिंह
टीजीटी (हिंदी)
जवाहर नवोदय विद्यालय
मेढक (आंध्रप्रदेश)

बी.एम. शिवशंकर मूर्ति
टीजीटी (हिंदी)
जवाहर नवोदय विद्यालय
धारवाड़ *(कर्नाटक)*

एन.सी.ई.आर.टी. संकाय
सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शिक्षा विभाग

चंद्रा सदायत, *रीडर*

संध्या सिंह, *रीडर*

लालचंद राम, *प्रवक्ता* (समन्वयक)

विषय-सूची

पहला पाठ
सारे जहाँ से अच्छा

1. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो।

उद्देश्य
कविता की पंक्तियाँ लिखना

(क) सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा।
______________________________||

(ख) मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।
______________________________||

(ग) हम बुलबुले हैं इसकी, ______________________________।
______________________________ हमसाया आसमाँ का।।

(घ) ______________________________ इसकी हज़ारों नदियाँ।
______________________________ रश्के-जिनाँ हमारा।।

2. नमूने के अनुसार रेखा खींचकर मिलाओ।

उद्देश्य
समानार्थी शब्दों की पहचान

3. आशय स्पष्ट करो।

उद्देश्य
आशय लिखना

(क) 'हिंदी हैं हम'
____

(ख) 'वतन है हिंदोस्ताँ हमारा'
____

4. पाठ के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर लिखो।

उद्देश्य
पाठ बोध

(क) मज़हब हमें क्या सिखाता है ?

____

____

(ख) 'परबत वो सबसे ऊँचा' कवि ने किसके लिए कहा है ?

____

____

(ग) कवि ने पर्वत को 'पासबाँ' क्यों कहा है ?

____

____

5. भाव स्पष्ट करो।

उद्देश्य
अर्थ बोध

हम बुलबुले हैं इसकी, ये गुलसिताँ हमारा।

____

____

____

दूसरा पाठ
मैं नीम हूँ

1. शब्दार्थ और शब्द रचना

(क) शब्द और अर्थ का सही मिलान करो।

उद्देश्य
समानार्थी शब्दों की पहचान

डर	शाखा
रक्त	सरल
टहनी	अधिक
शुद्ध	भय
ज़्यादा	खून
आसान	साफ़

(ख) नमूने के अनुसार प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाओ।

उद्देश्य
प्रत्यय लगाकर नए शब्द की रचना

उपयोग → उपयोगी   चमक → चमकीला

कम ________   खर्च ________
ऊन ________   बर्फ़ ________
रेशम ________   हठ ________
गुण ________   फुर्ती ________

(ग) नमूने के अनुसार शब्दों के रूप बदलो।

उद्देश्य
ईकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन रूप

पत्ती → पत्तियाँ   दवाई → दवाइयाँ

नदी → ________   चटाई → ________
टहनी → ________   मिठाई → ________
बीमारी → ________   रजाई → ________

(घ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो।

उद्देश्य
विशेषण बनाना

1. गुण करनेवाला → गुणकारी

लाभ करनेवाला → ____________

विनाश करनेवाला → ____________

आक्रमण करनेवाला → ____________

हित करनेवाला → ____________

उद्देश्य
वाक्यांशों के स्थान पर एक शब्द

2. रोग का निरोध करनेवाला → रोगनिरोधक

अध्यापन करनेवाला → ____________

विचार करनेवाला → ____________

सुधार करनेवाला → ____________

संचालन करनेवाला → ____________

2. (क) नमूने के अनुसार संधि-विच्छेद करो।

उद्देश्य
संधि-विच्छेद करना

कीटाणु = कीट + अणु

जीवाणु = ____________ + ____________

रोगाणु = ____________ + ____________

परमाणु = ____________ + ____________

विषाणु = ____________ + ____________

(ख) **नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो।**

मुझमें बस एक ही अवगुण है **कि** मैं कड़वा हूँ।
→ मुझमें बस एक ही अवगुण है। मैं कड़वा हूँ।

उद्देश्य
'कि' हटाकर दो वाक्य बनाना

1. अध्यापक ने कहा कि कल छुट्टी है।

____

2. मैं एक बात बता दूँ कि मेरी पत्तियाँ छोटी हैं।

____

3. मैं इतना ही कह सकता हूँ कि मुझमें ढेर सारे गुण हैं।

____

4. हमें खुशी है कि हमारी टीम क्रिकेट में जीत गई।

____

(ग) **नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो।**

नीम के पत्ते **घने हैं।**
→ नीम के पत्ते **घने होते हैं।**

उद्देश्य
'है' → 'होता है' की पहचान

1. नीम के पत्ते कड़वे हैं।

____

2. इसकी लकड़ी बहुत टिकाऊ है।

____

3. मेरी पत्तियाँ बहुत गुणकारी हैं।

____

4. समुद्र का पानी नमकीन है।

____

(घ) **नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो।**

निबोलियों से खली तथा खाद **बनाई जाती है।**
→ निबोलियों से खली तथा खाद **बनती है।**

उद्देश्य
'बनाया जाता है' → 'बनता है' में रूपांतरण

1. नारियल से तेल बनाया जाता है।

____

2. ताड़ के पत्तों से चटाइयाँ बनाई जाती हैं।

____

3. गाजर से हलवा बनाया जाता है।

____

4. दूध से बर्फ़ी बनाई जाती है।

____

3. (क) **सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।**

उद्देश्य
सही उत्तर का चयन

1. नीम की पत्तियाँ ________ होती हैं । (बड़ी/काली/छोटी)
2. नीम की पत्तियाँ ________ होती हैं। (मीठी/कड़वी/तीखी)
3. नीम की लकड़ी ________ होती है। (कमज़ोर/मज़बूत/टिकाऊ)
4. नीम के तने से ________ निकलता है। (रबड़/गोंद/मोम)

(ख) **सही कथन चुनकर वाक्य पूरे करो।**

उद्देश्य
पाठ बोध

1. नीम की पत्तियाँ कपड़े के बीच में रखते हैं, क्योंकि इनसे

____

(क) कपड़ों पर कीड़े नहीं लगते।

(ख) कपड़ों में बदबू नहीं आती।

(ग) कपड़ों का रंग ठीक रहता है।

2. निबोलियाँ खाने से ____________________

(क) रक्त पतला होता है।

(ख) रक्त कड़वा होता है।

(ग) रक्त शुद्ध होता है।

4. नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखो।

उद्देश्य
पाठ बोध

(क) नीम की पत्तियों के क्या-क्या उपयोग हैं?

____

____

____

____

(ख) नीम के हिस्सों के क्या लाभ हैं ?

1. फूल ____________________
2. टहनी ____________________
3. निबोलियाँ ____________________
4. लकड़ी ____________________

योग्यता विस्तार

उद्देश्य
स्वतंत्र लेखन

(क) पर्यावरण पर कक्षा में चर्चा करो और 'वन महोत्सव' के महत्त्व पर पाँच पंक्तियाँ लिखो।

____

____

____

____

____

(ख) किन्हीं दस वृक्षों के नाम लिखो।

उद्देश्य
नाम सूची बनाना

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

(ग) नीचे लिखी वस्तुओं का स्वाद कैसा होता है, लिखो।

उद्देश्य
अनुभव के आधार पर स्वाद बताना

आम ______________

नींबू ______________

करेला ______________

मिर्च ______________

नमक ______________

तीसरा पाठ
तेनाली राम

1. शब्दार्थ और शब्द रचना

(क) शब्द और अर्थ का सही मिलान करो।

उद्देश्य
समानार्थी शब्दों की पहचान

रोज़ी-रोटी	खोज
तलाश	असर
प्रभाव	गहने
क्रोध	काम-धंधा
साहस	हिम्मत
आभूषण	गुस्सा

(ख) नमूने के अनुसार शब्द बनाओ।

उद्देश्य
कब + ही = कभी जैसे शब्दों का निर्माण

अब + ही = अभी

कब + ही = ________

जब + ही = ________

तब + ही = ________

सब + ही = ________

(ग) नीचे लिखे क्रिया-रूपों से वाक्य बनाओ।

उद्देश्य
वाक्य निर्माण

1. बंद कर दो ____

____।

2. ले जाओ ____

____।

3. छिपा दो ____

____।

4. सामान उतारना ________________________________

____।

5. पता चलाना ________________________________

____।

6. नाराज होना ________________________________

____।

(घ) नमूने के अनुसार गद्यांश में आई संयुक्त क्रियाओं को छाँटकर लिखो।

अब हमारा काम आसान **हो गया**। (हो गया)

रोज़ी-रोटी की तलाश में तेनाली राम विजय नगर **आ गया**। राजा ने उसे नौकरी दे दी। एक दिन महाराज तेनाली राम से नाराज हो गए और बोले - 'यहाँ से चला जा। अपना मुँह न दिखाना'। दूसरे दिन तेनाली राम एक मुखौटा लगाकर आ गया। महाराज यह देखते ही क्रोधित हो गए।

उद्देश्य
संयुक्त क्रियाओं की पहचान

____________ ____________

____________ ____________

____________ ____________

____________ ____________

2. (क) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।

नाराज, विनम्रतापूर्वक, हिम्मत, रातभर, साधारण-सा

उद्देश्य
शब्दों के सही प्रयोग द्वारा वाक्य पूर्ति

1. तेनाली नामक गाँव में एक ________ आदमी रहता था।
2. एक बार महाराज तेनाली राम से ________ हो गए।
3. तेनाली राम ने ________ हाथ जोड़कर कहा।
4. डाकुओं में कुएँ में उतरने की ________ न थी।
5. तुमने ________ में मेरा बगीचा सींच दिया।

(ख) **नीचे लिखे वाक्यों को सही घटनाक्रम से लिखो।**

1. तेनाली राम के घर में चोर घुस आए।
2. जा यहाँ से चला जा, मुझे कभी अपना मुँह न दिखाना।
3. महाराज, मैंने आपकी आज्ञा का पालन किया है।
4. उसने बड़ा-सा पत्थर कुएँ में डाल दिया।
5. एक बार महाराज किसी बात पर तेनाली राम से नाराज हो गए।
6. चोर रातभर पानी निकालते रहे।

उद्देश्य
पाठ बोध के लिए वाक्यों को क्रम से लिखना

____
____
____
____
____
____

(ग) **नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखो।**

1. तेनाली राम का नाम तेनाली राम क्यों पड़ा?

____
____

उद्देश्य
पाठ बोध

2. महाराज ने तेनाली राम को डाँटते हुए क्या कहा?

____
____

3. तेनाली राम ने चोरों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से क्या कहा?

____
____

4. चोर कुएँ का पानी क्यों निकालने लगे?

____
____

5. तेनाली राम ने चोरों को धन्यवाद क्यों दिया?

____

____

3. (क) नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो।

उसने चोरों को **सुनाया** और पत्नी से कहा।
→ उसने चोरों को **सुनाते हुए** पत्नी से कहा।

उद्देश्य
धातु + 'ते हुए' की रचना

1. उन्होंने क्रोध में तेनाली राम को डाँटा और कहा।

____

2. महाराज ने उसे क्षमा किया और बताया।

____

3. मंत्री ने बच्चों को उपहार दिए और उनकी प्रशंसा की।

____

4. पिता जी ने रमेश को पैसे दिए और कहा।

____

4. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

(क) मुखौटेवाली घटना का वर्णन अपने शब्दों में करो।

____

____

____

____

____

उद्देश्य
पाठ बोध

(ख) तेनाली राम ने चोरों को मूर्ख कैसे बनाया?

____

____

____

____

____

चौथा पाठ

मित्र के घर

1. शब्दार्थ और शब्द-रचना

उद्देश्य

विलोम शब्दों की पहचान

(क) विलोम शब्दों को मिलाओ।

सुबह	नापसंद
खुला	घटिया
पसंद	शाम
खुशबू	बंद
बढ़िया	बदबू

उद्देश्य

नाते-रिश्ते की शब्दावली के स्त्रीलिंग रूप

(ख) पुल्लिंग को स्त्रीलिंग में बदलो।

भाई ____________

बेटा ____________

पिता ____________

दादा ____________

नाना ____________

मामा ____________

चाचा ____________

फूफा ____________

उद्देश्य

व्यंजनांत स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन रूप

(ग) नीचे लिखे स्त्रीलिंग शब्दों के बहुवचन रूप लिखो।

बहन → बहनें

बात → ____________

पुस्तक → ____________

आँख → ____________

कमीज़ → ____________

औरत → ____________

(घ) नमूने के अनुसार वाक्य बनाओ।

उद्देश्य
क्रिया पदों का सही प्रयोग

मुझे हमेशा तुम्हारी ______। (याद आना)
→ मुझे हमेशा तुम्हारी **याद आती है।**

1. वार्डन बच्चों का बहुत ______। (ध्यान रखना)
2. किसान वर्षा का ______। (इंतजार करना)
3. वे अपनी बात कहने में ______। (संकोच करना)
4. स्कूल में छात्राएँ बहुत ______। (मेहनत करना)

(ङ) नीचे लिखे शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

उद्देश्य
शब्द का वाक्य में सही प्रयोग

प्रणाम ______

वार्डन ______

धन्यवाद ______

इंजीनियर ______

2. किसने किससे कहा?

उद्देश्य
पाठ बोध

1. तुम्हें विजयवाड़ा कैसा लग रहा है?
______
2. गाजर का हलवा तो मुझे भी पसंद है।
______
3. मेरे पिता जी कंप्यूटर इंजीनियर हैं।
______

4. बच्चों को खूब खाना चाहिए और खूब मेहनत करनी चाहिए।

____

3. पाठ के आधार पर सही कथन पर सही (✓) तथा गलत कथन पर गलत (×) का निशान लगाओ।

उद्देश्य
सही उत्तर की पहचान

1. विजयवाड़ा हैदराबाद जैसा बड़ा शहर है। ☐
2. रोहित के पिता जी बैंक में मैनेजर हैं। ☐
3. विवेक को गाजर का हलवा पसंद है। ☐
4. रोहित के दादा-दादी कोचीन में रहते हैं। ☐
5. विवेक खाने-पीने में संकोच नहीं करता। ☐

4. नमूने के अनुसार वाक्य बदलो।

उद्देश्य
'कर रहा था' → 'हो रहा था।' में रूपांतरण

(क) हम सब तुम्हारा ही **इंतजार कर रहे थे।**
→ तुम्हारा ही **इंतजार हो रहा था**।

1. मज़दूर सड़क पर काम कर रहे थे।

____

2. लड़के कक्षा में शोर कर रहे थे।

____

3. नौकर घर की सफाई कर रहे हैं।

____

4. लोग मंदिर में आरती कर रहे हैं।

____

उद्देश्य
'बन रहा है' → 'बना रही हूँ' में रूपांतरण

(ख) आज नाश्ते में क्या **बन रहा है**? (इडली)
→ आज नाश्ते में इडली **बना रही हूँ**।

1. आज खाने में क्या पक रहा है? (पुलाव)

____

2. रसोई में क्या जल रहा है? (स्टोव)

____

3. चूल्हे पर क्या उबल रहा है? (दूध)

____

4. मंदिर में क्या चढ़ रहा है? (प्रसाद)

____

5. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. हैदराबाद से विजयवाड़ा कौन आया?

____

____

2. रोहित का घर कैसा है?

____

____

उद्देश्य
पाठ बोध

3. विवेक की माँ क्या काम करती है?

____

____

4. रोहित की माँ और दादी रसोई में क्या कर रही थीं?

____

____

5. दादा जी के विचार में बच्चों को क्या करना चाहिए?

____

____

योग्यता विस्तार

उद्देश्य
पाठ बोध

(क) रोहित और दादा जी के बीच हुई बातों को क्रम से लिखो।

____

____

____

____

____

(ख) पाठ में आए **संबोधन** (बेटा) और **अभिवादन** (प्रणाम) जैसे शब्दों को छाँट कर लिखो।

उद्देश्य
पाठ बोध

संबोधन	**अभिवादन**
________	________
________	________
________	________
________	________

अनुकार्य

(क) मित्र को अपने घर बुलाने के संबंध में अपनी माता जी के साथ वार्तालाप लिखो।

उद्देश्य
स्वतंत्र लेखन

(ख) अपने प्रदेश के दस शहरों के नाम लिखो।

उद्देश्य
नाम सूची बनाना

________	________
________	________
________	________
________	________

पाँचवाँ पाठ

ईदगाह

1. **शब्दार्थ और शब्द रचना**

(क) **'क' खंड के शब्दों का 'ख' खंड में दी गई व्याख्या से सही मिलान करो।**

उद्देश्यः
अर्थ की पहचान

रमज़ान	रमज़ान के महीने में रखा जाने वाला उपवास
ईद	जहाँ ईद के दिन नमाज़ पढ़ी जाती है।
रोज़ा	मुसलमानों की प्रार्थना
ईदगाह	अरबी वर्ष का नवाँ महीना
नमाज़	रमज़ान के बाद दूसरे दिन पड़ने वाला त्योहार

(ख) **नमूने के अनुसार प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग शब्द बनाओ।**

उद्देश्यः
'इन' और 'इया' प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग शब्द बनाना

माली → मालिन　　बेटा → बिटिया

मालिक → ______　　चूहा → ______
बाघ → ______　　बूढ़ा → ______
नाग → ______　　गुड्डा → ______
समधी → ______　　बंदर → ______

(ग) **नमूने के अनुसार 'बे' उपसर्ग लगाकर शब्द बनाओ।**

उद्देश्यः
'बे' उपसर्ग लगाकर शब्द निर्माण

समझ → बेसमझ

सहारा → ______　　गुनाह → ______
ईमान → ______　　खबर → ______
अदब → ______　　वतन → ______
हद → ______　　शक → ______

(घ) नमूने के अनुसार शब्द बनाओ।

उद्देश्य

प्रत्यय बदलकर शब्द की पहचान

आकर्षक → आकर्षण

अन्वेषक → ________

नियंत्रक → ________

शिक्षक → ________

संरक्षक → ________

2. (क) मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

उद्देश्य

वाक्य में मुहावरों का प्रयोग

1. दिल कचोटना ____
2. गदगद होना ____
3. शान से अकड़ना ____
4. रंग जमाना ____
5. दिल बैठ जाना ____

(ख) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।

घुड़कियाँ, बारी-बारी से, चूर-चूर हो जाएगा, दामन फैलाकर, सहसा

उद्देश्य

वाक्य में शब्दों का सही प्रयोग

1. अगर खिलौना हाथ से छूट जाए तो ________________।
2. ________________ हामिद के हाथ में चिमटा देखकर वह चौंकी।
3. उसने सोचा कहीं दुकानदार की ________________ न सुननी पड़े।
4. साथियों के खिलौने ________________ हामिद के हाथ में आए।
5. अमीना ________________ हामिद को दुआएँ देती रही।

(ग) नमूने के अनुसार वाक्य बदलो।

अमीना आवाज़ **सुनते ही** दौड़ी।
→ अमीना आवाज़ **सुनकर** दौड़ी।

उद्देश्य
'धातु + ते ही' → 'धातु + कर' में रूपांतरण

1. सिपाही को देखते ही चोर भाग गया।

____

2. खिलौना नीचे गिरते ही चूर-चूर हो गया।

____

3. शीला तार पढ़ते ही रोने लगी।

____

4. चुटकुला सुनते ही सब लोग हँसने लगे।

____

(घ) नमूने के अनुसार वाक्य बदलो।

आओ, मेले में **चलते हैं**।
→ आओ, मेले में **चलें**।

उद्देश्य
रूपांतरण

1. आओ, हिंडोले पर झूलते हैं।

____

2. चलो, खिलौने खरीदते हैं।

____

3. चलो, मिठाई खाते हैं।

____

4. आओ, कबड्डी खेलते हैं।

____

3. (क) किसने किससे कहा?

उद्देश्य
पाठ बोध

1. यह चिमटा कितने का है?

____

2. यह चिमटा क्यों लाया पगले? इसे क्या करेगा?

____

3. तुम्हारे खिलौने कितना ही जोर लगाएँ, मेरे चिमटे का बाल भी बाँका नहीं कर सकते।

____

4. सारे मेले में तुझे और कोई चीज़ नहीं मिली जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया?

____

5. जरा अपना भिश्ती ज़मीन पर गिरा दो। सारी पसलियाँ चूर-चूर हो जाएँ बच्चू की।

____

उद्देश्य
पाठ बोध

(ख) नीचे लिखे वाक्यों को सही घटनाक्रम से लिखो।

1. अमीना ने हामिद के हाथ में चिमटा देखकर पूछा "यह कहाँ से ले आया।"
2. महमूद, मोहसिन और सम्मी ने खिलौने और मिठाइयाँ खरीदीं, लेकिन हामिद दूर खड़ा देखता रह गया।
3. हामिद ने जवाब दिया - "तुम्हारी उँगलियाँ तवे से जल जाती थीं, इसलिए मैंने इसे लिया।"
4. दोस्तों के पास काफी पैसे थे, लेकिन हामिद के पास केवल तीन ही पैसे थे।
5. हामिद ने पूरे पैसे देकर एक चिमटा खरीदा।
6. अमीना गदगद होकर रोने लगी और हामिद को दुआएँ देने लगी।
7. महमूद बोला - "तो यह चिमटा भी कोई खिलौना है।"

____

____

____

____

(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखो।

1. लड़के किस वजह से सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं?

2. नमाज़ खत्म होने के बाद लोग क्या करते हैं?

उद्देश्य
पाठ बोध

3. हामिद के दोस्तों ने किस तरह खुशियाँ मनाई?

4. हामिद बिरादरी से अलग क्यों खड़ा था?

5. चिमटे के क्या-क्या उपयोग हैं?

6. अमीना के डाँटने पर हामिद ने क्या जवाब दिया?

4. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

उद्देश्य
प्रत्यास्मरण

(क) ईद के मेले का वर्णन अपने शब्दों में करो।

उद्देश्य
प्रत्यास्मरण

(ख) चिमटा खरीदते समय दुकानदार और हामिद के बीच में जो वार्तालाप हुआ, उसे अपने शब्दों में लिखो।

योग्यता विस्तार

उद्देश्य
स्वतंत्र लेखन

अपने प्रदेश के किसी प्रसिद्ध मेले का वर्णन करो।

अनुकार्य

उद्देश्य

नाम सूची बनाना

(क) चार मिठाइयों के नाम लिखो।

____

____

____

____

(ख) चार खिलौनों के नाम लिखो।

____

____

____

____

छठा पाठ
स्वास्थ्य और सफ़ाई

1. शब्दार्थ और शब्द रचना

(क) शब्द और अर्थ का सही मिलान करो।

उद्देश्य
समानार्थी शब्दों की पहचान

दर्द	राय लेना
सलाह लेना	अनुभव करना
महसूस करना	पीड़ा
सफाई	तंदुरुस्ती
स्वास्थ्य	स्वच्छता
मँडराना	इधर-उधर घूमना

(ख) नमूने के अनुसार शब्दों के बहुवचन रूप लिखो।

उद्देश्य
अकारांत पुल्लिंग शब्दों के बहुवचन रूप बनाना

पकौड़ा → पकौड़े
घोड़ा → ________
कमरा → ________
कपड़ा → ________
गोलगप्पा → ________
घंटा → ________

(ग) नमूने के अनुसार प्रत्यय लगाकर लिखो।

उद्देश्य
'कारक' एवं 'दायक' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाना

हानि → हानिकारक   लाभ → लाभदायक
कष्ट → ________   सुख → ________
विनाश → ________   आनंद → ________
स्वास्थ्य → ________   शांति → ________

2. (क) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।

ध्यान, सुस्त, साफ़-सफ़ाई, दर्द, तबीयत

उद्देश्य
शब्दों का सही प्रयोग

1. प्रदीप के पेट में बहुत ____________ हो रहा है।
2. आज सुबह से मेरी ____________ ठीक नहीं लग रही है।
3. अच्छे स्वास्थ्य के लिए ____________ पर ध्यान देना चाहिए।
4. आगे से मैं इन सब बातों का ____________ रखूँगा।
5. तुम इतने ____________ क्यों लग रहे हो?

(ख) नीचे लिखे शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

उद्देश्य
वाक्य-प्रयोग

1. दर्द होना ____________
2. सलाह लेना ____________
3. महसूस करना ____________
4. जाँच करना ____________
5. ध्यान रखना ____________

3. नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखो।

(क) प्रदीप को क्या तकलीफ़ थी?

____

(ख) हरिहरन प्रदीप को अपनी माँ के पास क्यों ले गया?

____

____

उद्‌देश्य
पाठ बोध

(ग) प्रदीप ने डॉक्टर आंटी से क्या कहा?

____

____

(घ) डॉक्टर आंटी ने क्या सलाह दी?

____

____

(ङ) खाने की चीज़ें खुली रखने से क्या नुकसान होता है?

____

____

योग्यता विस्तार

उद्‌देश्य
स्वतंत्र लेखन

तुम अपना स्वास्थ्य कैसे ठीक रखोगे?

____

____

____

____

____

____

अनुकार्य

(क) पाँच बीमारियों के नाम लिखो।

उद्‌देश्य

नाम सूची बनाना

(ख) स्वास्थ्य के लिए कौन-कौन सी बातें हानिकारक हैं?

सातवाँ पाठ
संतू का ढोल

1. शब्दार्थ और शब्द रचना

उद्देश्य
विलोम शब्दों की पहचान

(क) विलोम शब्दों का सही मिलान करो।

गरीब	औरत
आदमी	जवान
खरीदना	धीरे-धीरे
बूढ़ा	बेचना
जल्दी-जल्दी	अमीर
पति	बुद्धिमान
मूर्ख	पत्नी

उद्देश्य
'इ' प्रत्यय लगाकर संज्ञा एवं विशेषण शब्द बनाना

(ख) नमूने के अनुसार शब्द बनाओ।

मज़दूर → मज़दूरी ज़रूर → ज़रूरी

खुश → ________ सुख → ________
दुश्मन → ________ दुख → ________
उदास → ________ मेहनत → ________
चालाक → ________ शरारत → ________

उद्देश्य
प्रेरणार्थक क्रियाएँ बनाना

(ग) नमूने के अनुसार क्रियारूप बनाओ।

देना → दिलाना → दिलवाना

खाना → ________ → ________
पीना → ________ → ________
खेलना → ________ → ________

(घ) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।

उद्देश्य
वाक्य पूर्ति

मटका, सामान, ढोल, सगाई, खजूर, खिलौने

1. माँ ने ____________ के पत्तों से चटाई बनाई।
2. उसने बेटे के लिए कपड़े और ____________ खरीदे।
3. औरत ने खुश होकर संतू को एक ____________ दिया।
4. डाकुओं ने मेरा सारा ____________ लूट लिया।
5. दूल्हे के पिता ने संतू को ____________ दिलवा दिया।
6. मुखिया के लड़के की ____________ है।

2. नमूने के अनुसार वाक्य बदलो।

उद्देश्य
रूपांतरण

(क) संतू बच्चे को रोटी **देता है**।
→ संतू ने बच्चे को **रोटी दी**।

1. माँ बेटे के लिए किताब खरीदती है।
____

2. मोहन जलेबी खाता है।
____

3. लड़का कविता पढ़ता है।
____

उद्देश्य
रूपांतरण

(ख) मोहन दो लड्डू **खाता है**।
→ मोहन ने दो लड्डू **खाए**।

1. नौकर कपड़े धोता है।
____

2. पिता जी केले खरीदते हैं।
____

3. रमेश जूते पहनता है।
____

3. (क) किसने किससे कहा?

1. मैं बाज़ार जा रही हूँ , तुम्हारे लिए क्या लाऊँ?

____

2. ज़रा मुखिया जी के यहाँ ढोल बजा दो, उनके लड़के की सगाई है।

____

उद्देश्य
पाठ बोध

3. अम्मा, आग क्यों नहीं जल रही है?

____

4. लो, यह मटका ले लो। अब तुम अपनी पत्नी को मत मारना।

____

5. इसे बहुत ज़ोर की भूख लगी है, मेरे पास रोटी नहीं है।

____

6. हमारे पास ढोल-बाजे तो हैं पर घोड़ा नहीं है।

____

(ख) नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखो।

1. संतू की माँ कहाँ रहती थी?

____

____

उद्देश्य
पाठ बोध

2. बरतन बनाने वाले का बच्चा क्यों रो रहा था?

____

____

3. राहगीर को किसने लूट लिया?

____

____

4. संतू को किस चीज़ के बदले में ढोल मिला?

____

____

(ग) **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. संतू की माँ चटाइयाँ बेचकर ढोल क्यों नहीं खरीद सकी?

____

____

____

____

____

उद्देश्य
पाठ बोध

2. संतू ने राहगीर पर दया करके उसे अपना कोट क्यों दिया?

____

____

____

____

____

योग्यता विस्तार

उद्देश्य
स्वतंत्र लेखन

मुखिया जी ने संतू को खुश करने के लिए क्या किया?

____

____

____

____

____

अनुकार्य

उद्देश्य
नाम सूची बनाना

कहानी में आए पात्रों की सूची बनाओ।

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

______________ ______________

आठवाँ पाठ
नीति के दोहे

उद्देश्य
प्रत्यास्मरण

1. (क) कविता की पंक्तियाँ पूरी करो।

1. मैं भी भूखा ना रहूँ, ____________________
2. पालै पोसै सकल अंग, ____________________
3. तुलसी मीठे वचन ते, ____________________
4. कहि रहीम पर काज हित, ____________________
5. चंदन विष व्यापत नहीं, ____________________

उद्देश्य
प्रत्यास्मरण

(ख) दिए गए शब्द से संबंधित पंक्ति लिखो।

1. जामे ____________________
2. नैनन ____________________
3. निर्मल ____________________
4. मन ही ____________________
5. कंचन ____________________
6. लिपटे ____________________

उद्देश्य
कविता की पंक्तियाँ लिखना

(ग) दोहे को पूरा करो।

1. साईं इतना दीजिए, जामे कुटुम समाय।
____||
2. आवत ही हर्षे नहीं, नैनन नहीं सनेह।
____||
3. रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय।
____||

2. (क) क्रिया शब्द देखकर, नमूने के अनुसार संबंधित अंश जोड़ो।

उद्देश्य
प्रत्यास्मरण

समाय = जामे कुटुम समाय

1. सनेह ________________
2. चाहिए ________________
3. जाइए ________________
4. खात है ________________
5. भुजंग ________________

(ख) शब्दों के अर्थ को रेखा खींचकर मिलाओ।

उद्देश्य
अर्थ की पहचान

जामे	पास
नियरे	चारों
सौं	से
तहाँ	की तरह
चहुँ	जिसमें
ते	वहाँ

3. नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखो।

उद्देश्य
पाठ बोध

1. निंदक को निकट क्यों रखना चाहिए?
____
____

2. साधु से जाति क्यों नहीं पूछनी चाहिए?
____
____

3. मीठे वचनों का महत्त्व बताइए?
____
____

4. मुखिया मुख के समान क्यों होना चाहिए?

____

____

5. मन की व्यथा को मन ही में क्यों रखना चाहिए?

____

____

6. समझदार लोग संपत्ति संचय क्यों करते हैं?

____

____

योग्यता विस्तार

उद्देश्य
ज्ञान संबंधित

तुलसी, कबीर और रहीम के कुछ और नीतिपरक दोहे याद करो और कक्षा में सुनाओ।

नवाँ पाठ

ज्योतिबा फुले

1. शब्दार्थ और शब्द रचना

(क) शब्द और अर्थ का सही मिलान करो।

कुप्रथा	ज़मीन
धरती	छुटकारा पाना
राहत पाना	संकोच करना
गिड़गिड़ाना	बूढ़ा
विश्वास	बुरी परंपरा
हिचकिचाना	याचना करना
वृद्ध	भरोसा

(ख) नमूने के अनुसार शब्द बनाओ।

उद्देश्य
संधि करना

1. महा + आत्मा = महात्मा

न्याय + आलय = ____________

परम + आत्मा = ____________

प्रतीक्षा + आलय = ____________

2. नर + इंद्र = नरेंद्र

सुर + इंद्र = ____________

गज + इंद्र = ____________

गण + ईश = ____________

रमा + ईश = ____________

3. सूर्य + उदय = सूर्योदय

नव + उदय = ____________

ग्राम + उद्योग = ____________

वार्षिक + उत्सव = ____________

महा + उत्सव = ____________

(ग) नमूने के अनुसार शब्द बनाओ।

उद्देश्य
उपसर्ग लगाकर शब्द बनाना

1. प्रथा → कुप्रथा गंध → सुगंध

रूप →	____________	अवसर →	____________
रीति →	____________	पुत्र →	____________
संग →	____________	पात्र →	____________
ख्यात →	____________	लेख →	____________

उद्देश्य
एकवचन से बहुवचन बनाना

2. महिला → महिलाएँ कुआँ → कुएँ

माला →	____________	धुआँ →	____________
पाठशाला →	____________	रोआँ →	____________
कविता →	____________	जुआ →	____________
रचना →	____________	दीया →	____________
शिरा →	____________	जटा →	____________

2. (क) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।

उद्देश्य
शब्दों का सही प्रयोग

हमदर्द, नंगे पाँव, तड़प, हिचकिचा, राहत, खोखला

1. छुआछूत की कुप्रथा ने समाज को ____________ बना दिया है।
2. पेड़ के नीचे लोग गरमी से ____________ पाने की कोशिश कर रहे थे।
3. कुछ लोग तपती धूप में ____________ खड़े थे।
4. कुछ लोग प्यास से ____________ रहे थे।
5. लोग अंदर जाने में ____________ रहे थे।
6. ये दीन-दलितों के ____________ ज्योतिबा फुले थे।

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों को सही घटनाक्रम से लिखो।

उद्देश्य
पाठ बोध के लिए वाक्यों को क्रम से लिखना

1. समाज सुधार के कार्य में उन्होंने अपना सारा जीवन लगा दिया।
2. एक वृद्ध का काँपता स्वर सुनाई पड़ा "आप मनुष्य नहीं देवता हैं।"
3. कुएँ से कुछ औरतें पानी भर रही थीं।
4. कल से तुम वहाँ आना और जितना चाहो पानी ले लेना।
5. उसने आगे बढ़कर पामी से भरी बाल्टी उठाई और लोगों को पानी पिलाने लगा।

____

____

____

____

____

____

(ग) नीचे लिखे शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

उद्देश्य
क्रिया रूपों का वाक्य में प्रयोग

1. याचना करना ______________________________
____
2. विरोध करना ______________________________
____
3. ध्यान देना ______________________________
____
4. झिझक न करना ______________________________
____

3. (क) नीचे दिए गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखो।

उद्देश्य
पाठ बोध

1. इस पाठ में किन कुप्रथाओं का उल्लेख किया गया है?

____

____

2. कुएँ के पास किस वर्ग के लोग धूप में नंगे पाँव खड़े थे?

3. कुएँ के पास खड़े लोगों ने पानी पिलाने का विरोध क्यों किया?

4. गरीबों के हमदर्द समाज-सुधारक महात्मा का क्या नाम था?

5. वृद्ध ने काँपते हुए स्वर से क्या कहा?

(ख) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. ज्योतिबा ने किस प्रकार प्यास से तड़पते लोगों की मदद की?

उद्देश्य
पाठ बोध

2. ज्योतिबा के जीवन के संबंध में चार-पाँच वाक्य लिखो।

योग्यता विस्तार

उद्देश्य
स्वतंत्र लेखन

अपने क्षेत्र के किसी समाज-सुधारक के जीवन की कोई घटना लिखो।

अनुकार्य

उद्देश्य
नाम सूची बनाना

भारत के किन्हीं छह समाज-सुधारकों के नाम लिखो।

दसवाँ पाठ

आज़ादी के लिए बलिदान

1. शब्दार्थ और शब्द रचना

उद्देश्य

समानार्थी शब्दों की पहचान

(क) शब्द और अर्थ का सही मिलान करो।

परिणाम	दृष्टि
खिलाफ़	दास
नज़र	सेहत
बलिदान	नतीजा
स्वास्थ्य	विरुद्ध
गुलाम	त्याग

उद्देश्य

संधि विच्छेद

(ख) नमूने के अनुसार शब्दों का संधि विच्छेद करो।

सिंहासन → सिंह + आसन

हिमालय → ____________

गोलाकार → ____________

पुस्तकालय → ____________

प्रधानाचार्य → ____________

उद्देश्य

'इस + ही' → 'इसी' 'तुम + ही' → 'तुम्हीं' जैसे शब्दों का निर्माण

(ग) नमूने के अनुसार लिखो।

इस	+	ही	→	इसी	तुम	+	ही	→	तुम्हीं
उस	+	ही	→	____	उन	+	ही	→	____
वह	+	ही	→	____	इन	+	ही	→	____
यह	+	ही	→	____	हम	+	ही	→	____

(घ) नीचे लिखे शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

1. बीमार पड़ना ____________________

2. गोद लेना ____________________

3. देहांत होना ____________________

4. आदेश देना ____________________

5. अमर होना ____________________

2. (क) नीचे लिखे वाक्यों को सही घटनाक्रम से लिखो।

उद्देश्य

पाठ बोध के लिए वाक्यों को क्रम से लिखना

1. राजा मल्ल सर्ज का देहांत हो गया। युवराज रुद्र सर्ज सिंहासन पर बैठा।
2. अंग्रेज़ों की नज़र कित्तूर पर लगी हुई थी।
3. अंग्रेज़ों ने गोद लिए बालक को राजा मानने से इनकार कर दिया।
4. रानी चेन्नम्मा ने जीते जी कित्तूर पर अंग्रेज़ों का अधिकार न होने दिया।
5. रुद्र सर्ज अंग्रेज़ों से मिल गया। वह अंग्रेज़ों की सेना का खर्च वहन करता था।
6. दक्षिण भारत में कित्तूर नामक छोटी-सी रियासत थी जहाँ मल्ल सर्ज राज करते थे।
7. रानी चेन्नम्मा को यह बात पसंद नहीं आई।
8. राज-काज उनकी रानी चेन्नम्मा की देख-रेख में चलता था।

____

____

____

____

____

____

____

____

3. (क) **नमूने के अनुसार वाक्य बदलो।**

अंग्रेज़ों ने भारत पर अपना **अधिकार जमाना शुरू किया।**
→ अंग्रेज़ भारत पर अपना **अधिकार जमाने लगे।**

उद्देश्य
